मूल्य 1 रु.

वर्षः 13 - अंक : 259, मुंबई, बुधवार, 6 दिसंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# महिला मजिस्ट्रेट की फर्जी प्रोफाइल बनाकर धोखाधड़ी

## जज की आवाज निकालकर ठगी करने वाले आर्थर रोड जेल के जय-वीरू गिरफ्तार



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई ।** मुंबई। मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जो एक 'महिला मजिस्ट्रेट' की फर्जी प्रोफाइल बनाकर वैवाहिक साइट पर पुरुषों को धोखा और धमकी दे रहे थे। आरोपियों की पहचान सुनील मोदी (67) और संकेत चव्हाण (23) के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक मोदी के खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज है। जबकि संकेत युवा महिला की आवाज निकालने में माहिर है। जांच में सामने आया की इन्होने नासिक, रत्नागिरी, मुंबई सहित कई शहर के लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# शरद पवार का दावा

## महाराष्ट्र में होगी बीजेपी की हार

### 2024 में बनेगी आघाडी सरकार



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई/ सातारा ।** बीजेपी ने भले ही तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की हो। लेकिन साल 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार होगी। यह दावा एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने किया है। उन्होंने यह बात सातारा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। पवार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में परिवर्तन होकर रहेगा। एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर नहीं होगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### महाराष्ट्र में नहीं चलेगा मोदी का मैजिक

संजय राउत, यूबीटी प्रवक्ता ने कहा, हमारे राज्य में सिर्फ शरद पवार, उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी का मैजिक चलेगा। महाराष्ट्र में पीएम मोदी का मैजिक नहीं चलने वाला है। यहां पर महाविकास आघाडी गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है और आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत हमारी होगी।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ताओं का लातूर में प्रदर्शन

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले को दिखाए काले झंडे



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को मंगलवार को मराठा कार्यकर्ताओं के रोष का सामना करना पड़ा। मराठा कार्यकर्ताओं ने लातूर शहर में बावनकुले काले झंडे दिखाए। पुलिस ने इस मामले में मराठा संगठन के 21 सदस्यों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले भाजपा के लातूर लोकसभा क्षेत्र के 600 प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक के लिए शहर में आये थे। इस दौरान उन्हें मराठा समुदाय के युवाओं के रोष का सामना करना पड़ा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# आईटी अफसर बताकर कारोबारी के घर छापा

## 18 लाख लूटने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई ।** सायन पुलिस ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने एक व्यवसायी के घर में कार्रवाई के नाम पर घुसकर परिवार से 18 लाख रुपए की लूट की थी। पुलिस इंस्पेक्टर अविनाश जगताप ने आरोपियों की पहचान राजाराम मांगले (47), संतोष पटवाल (37), अमरदीप सोनवणे (29), भाऊराव इंगले (52), सुशांत लोहार (33), शरद एकावड़े (33), अभय कासले (33) और रामकुमार गुज्जर (33) के रूप में की है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



...सभी रियल एस्टेट व्यवसाय का हिस्सा हैं और मानखुर्द, धारावी, नवी मुंबई और ठाणे के रहने वाले हैं। सायन पुलिस स्टेशन कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनीषा शिर्के ने बताया कि घटना 26 नवंबर को हुई

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### इंडिया गठबंधन का संकट



**विधानसभा चुनावों के दौर में ऐसा लगा कि इंडिया एलायंस को एक तरह से अवकाश पर भेज दिया गया है। अब जबकि उसे छुट्टी से वापस बुलाया जा रहा है, तो वह चोटिल अवस्था में है। इसका असर आज गठबंधन की बैठक में दिखेगा।**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन को ठेंगे पर रखा। तो अब बारी उसकी कीमत चुकाने की है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के बाद हवा में उछल रही कांग्रेस की गणना संभवतः यह थी कि पांच विधानसभा के चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करने के बाद उसकी हैसियत इतनी बढ़ जाएगी कि वह इंडिया गठबंधन के अंदर अपनी शर्तें थोप सकेगी। चूंकि उसका प्रदर्शन बदतर रहा, तो अब स्वाभाविक है कि गठबंधन में शामिल दूसरे दल उस पर अपनी शर्तें थोपने की तैयारी में हैं। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने खुल कर कांग्रेस के ह्लअहंकारह्व की चर्चा की है। दूसरी तरफ जनता दल (यू) की तरफ से मांग उठा दी गई है कि अब 2024 के चुनाव में नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का चेहरा घोषित किया जाए। इस सारे घटनाक्रम का सार यह है कि विपक्षी दल फिलहाल दिमाग भाजपा के खिलाफ रणनीति बनाने से ज्यादा अपने गठबंधन के भीतर अपनी हैसियत बढ़ाने और जताने में लगाए हुए हैं। यह उनमें उद्देश्य की एकता के अभाव का एक सूचक है। अगर ऐसी एकता की भावना होती, तो निर्विवाद रूप से कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इंडिया में शामिल दलों को सीट बंटवारे में एडजस्ट करती। ऐसा होता, तो हार की अवस्था में भी यह गठबंधन एक बेहतर जमीन पर नजर आता। तब यह संदेश बना रहता कि गठबंधन में शामिल दल भाजपा को एक विचारधारात्मक चुनौती मानते हैं- इसलिए उसे परास्त करने के लिए अपने हितों को कुर्बान करने तक को तैयार हैं। मगर यह मौका गंवाया जा चुका है। बल्कि विधानसभा चुनावों के दौर में ऐसा लगा कि इंडिया एलायंस को एक तरह से अवकाश पर भेज दिया गया है। अब जबकि उसे छुट्टी से वापस बुलाया जा रहा है, तो वह चोटिल अवस्था में है। आज (बुधवार को) जब महीनों के अंतराल के बाद गठबंधन की बैठक होगी, तो उस पर इस चोट का असर साफ दिखेगा। 2024 के चुनाव के सिलसिले में गठबंधन की संभावनाएं पहले भी बहुत उज्ज्वल नहीं थीं, लेकिन अब तो ये धूमिल नजर आ रही हैं।

# शानो शौकत से हुआ उर्से चेहलुम पीरो मुर्शिद शाह सकलैन मियां हुजूर

## सकलैन मियां हुजूर के उर्से चेहलुम में उमड़ा सैलाब





**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**बरेली।** बरेली में तारीख 29 नवंबर 2023 बरोज बुध हजरत पीरो मुरशिद शाह मोहम्मद सकलैन मियां हुजूर का 40 वाँ यानी उर्से चेहलुम खूब शानो शौकत के साथ किया गया। सुबह बाद नमाज फज्र कुरआन ख्वानी की गई और इसके बाद 9 बजे खानकाह शरीफ पर फातिहा हुई। दरगाह शाह शराफत अली मियां के मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि

**उर्से चेहलुम पर हुआ शानदार तकारीरी प्रोग्राम**

पीरो मुर्शिद शाह मोहम्मद सकलैन मियां हुजूर के उर्से चेहलुम के पुरनूर मौके पर एक शानदार महफिले ईसाले सवाब मुनाकिद की गई। महफि ल का आगाज तिलावते कलामे पाक से हाफि ज ओ कारी आमिल सकलैनी ने किया। इसके बाद तकारीरी प्रोग्राम का आगाज हुआ जिसमें उल्मा ए किराम ने साहिबे उर्स पीरो मुरशिद शाह सकलैन मियां हुजूर के ताल्लुक से अपने अपने जज्बात ओ ख्यालात का इजहार करते हुए शानदार तकरीर की।उर्से चेहलुम में अल्लामा मौलाना डॉक्टर मेहमूद उल हसन साहब, हजरत मौलाना इनआम सकलैनी, हजरत अल्लामा मौलाना जाहिद रजा उत्तराखंड, हजरत अल्लामा सय्यद असलम मियां साहब वामिकी, हजरत मौलाना मुजीबुर्रहमान अलीमी साहब दरगाह सय्यद सरावां इलाहाबाद, हजरत मौलाना अनवार शेरी बहेडवी मौजूद रहे।

**उर्से चेहलुम में दूसरी खानकाहों से आने वाले सज्जादगान**

हजरत इमाम रब्बानी मुजद्दिद अलिफसानी रहमतुल्लाह अलैह की खानकाह सरहिंद शरीफ पंजाब से पीरे तरीकत सज्जादानशीन हजरत सादिक रजा मियां साहब, खानकाह सय्यद सरावां इलाहाबाद से हजरत पीरे तरीकत शेख अबू सईद एहसानुल्लाह सफवी साहब, खानकाह वामिकिया निशातिया से सय्यद असलम मियां साहब, खानकाह हजरत शाह शमसुद्दीन तुर्क पानीपती पानीपत से हजरत शाह मेराज हुसैन साबरी साहब तशरीफ लाए इनके अलावा हजरत मौलाना जाहिद रजा साहब पूर्व चेयरमैन हज कमेटी रुद्रपुर उत्तराखंड से तशरीफ लाए। हजरत मौलाना अजीज मुजद्दिदी साहब कन्नौज से तशरीफ लाए हजरत मौलाना अनवार शेरी साहब, मौलाना अरशद, मौलाना शफाअतुल्लाह साहब, मौलाना असद साहब, मौलाना अनवार सकलैनी मुरादाबादी, मौलाना कासिम सकलैनी वगैरह तशरीफ लाए और प्रोग्राम में शिरकत की।

प्रोग्राम दोपहर 3 बजे तक बड़ी कामयाबी के साथ चलता रहा और लोग बड़ी अकीदतो मुहब्बत के साथ मौजूद रहे। प्रोग्राम की सरपरस्ती मेहमाने खुसूसी हजरत पीरे तरीकत सादिक रजा साहब ने फरमाई। प्रोग्राम की निजामत मुख़्तार सकलैनी तिलहरी और मुफ्ती फहीम सकलैनी अजहरी ने की। प्रोग्राम के आखिर में सलात ओ सलाम हुआ और खुसूसी दुआ हजरत सादिक मियां साहब ने कराई उन्होंने मुल्क में अमन ओ सलामती, मुसलमानों में आपसी इत्तिहाद इत्तिफाक कायम रखने की दुआएं कराईं और उन्होंने दुआ कि अल्लाह मियां हुजूर के दरजात बुलंद फरमाए और उनके फैजान से हम सबको खूब मालामाल फरमाए। प्रोग्राम के दौरान सरहिंद शरीफ के सज्जादानशीन हजरत गाजी मियां सकलैनी साहब की उन्होंने दस्तार बंदी भी की।

**दीनी किताबों का हुआ रस्मे इजरा (विमोचन**

हजरत पीरो मुरशिद शाह मोहम्मद सकलैन मियां हुजूर के उर्से चेहलुम के पुरनूर मौके पर खानकाह शरीफ से निकलने वाला मकबूल रिसाला रौशनी के मीनार का रस्मे इजरा किया गया, इस बार रौशनी के मीनार में पीरो मुरशिद मियां हुजूर के ताल्लुक से खुसूसी शुमारा निकाला गया है, जिसमें मियां हुजूर की जीवनी पर उनका मुख्तसर परिचय है, इस किताब का इजरा सज्जादानशीन हजरत शाह गाजी मियां सकलैनी साहब और सरहिंद शरीफ के सज्जादानशीन हजरत सादिक मियां साहब ने अपने पाकीजा हाथों से किया, इसके अलावा मुफ्ती मौलाना फहीम सकलैनी की लिखी हुई किताबों का इजरा भी किया गया जिसमें उन्होंने सिलसिले के बुजुर्गों पर उनके परिचय और खिदमात पर किताबें लिखी हैं। जगह बा जगह किया गया सबीलों का एहतिमाम उर्से चेहलुम के पुरनूर मौके पर खानकाह शरीफ के आस पास खाने पीने की सबीलों का भी उम्दा एहतिमाम किया गया, दूध , चाय, खीर, पकोड़े, हल्वा आदि की सबीलें खूब लगाईं गईं। लोग कतार बा कतार खाने पीने का लुत्फ लेते रहे।

**उर्से चेहलुम में बड़ी तादाद में शामिल हुए जायरीन**

उर्से चेहलुम में शिरकत करने के लिए बड़ी बड़ी दूर के जायरीन आए महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, तेलांगना, दिल्ली, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सभी शहरों व गांव कस्बों से बहुत बड़ी तादाद में जायरीन शिरकत करने पहुंचे, जायरीन के वाहनों की पार्किंग के लिए के.डी.एम इंटर कॉलेज ग्राउंड व एम.बी.इंटर स्कूल ग्राउंड में व्यवस्था की गई थी। प्रोग्राम का लाइव टेलीकास्ट यूट्यूब चैनल के आई सकलैनी पर किया गया। प्रोग्राम में खुसूसी तौर पर हजरत मुंतखब मियां साहब, अल्हाज सादकैन मियां, हाफि ज गुलाम गौस सकलैनी, शाहिद शेख सकलैनी, मौलाना सूफी रिफाकत सकलैनी, हाफि ज आमिल सकलैनी, गुलाम मुतुर्जा सकलैनी, इंतिखाब सकलैनी, मुंतसिब सकलैनी, सलमान सकलैनी, मुनीफ सकलैनी, असदक सकलैनी, नजीफ सकलैनी, उमम सकलैनी, मिर्जा मोहम्मद उमर सकलैनी वगैरह मौजूद रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# रिफाह ने अंतर-शहर नेटवर्किंग मीट में महाराष्ट्र के बिजनेस टाइटन्स को किया एकजुट

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** गत 3 दिसंबर रविवार को रिफाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आरसीसीआई) ने ठाणे नवी मुंबई और मुंबई के उद्यमी दिमाग का एक महत्वपूर्ण समागम प्रतिष्ठित डायमंड हॉल मुंब्रा में आयोजित किया गया। इस अंतर -शहर व्यापार नेटवर्किंग मीट ने क्षेत्रीय सहयोग और व्यापारिक तालमेल में एक महत्वपूर्ण मोड़ चिह्नित किया। 3 दिसंबर रविवार को आरसीसीआई की ठाणे नवी मुंबई और मुंबई इकाइयों के तत्वाधान में महाराष्ट्र कर्नाटक और गुजरात के 150 से अधिक उद्यमी व्यक्तियों ने इस हलचल भरे वाणिज्यिक केंद्र मैं भाग लिया।

इस समागन का प्राथमिक एजेंडा साझेदारी को बढ़ावा देना, नेटवर्किंग के अवसर को बढ़ाना और क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने वाले विविध व्यवसायों को झलक दिखाना था। दिन की शुरूआत आरसीसीआई के निर्देशक, तौफीक असलम खान के एक शानदार तजकीर के साथ हुई, जिसने प्रेरणा और राजनीतिक प्रवचन से भरे दिन की पृष्ठभूमि तैयार की। आरसीसीआई महाराष्ट्र के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद असलम ने एक उद्घाटन भाषण दिया, नेटवर्किंग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने अपने परिचय साझा करते हुए एक उत्साहपूर्ण माहौल बनाया, जो मजबूत रिश्तों और भविष्य के सहयोग की नींव रखता है। ठाणे नवी मुंबई के अध्यक्ष अमीन अंसारी ने आरसीसीआई महाराष्ट्र चैप्टर के लिए एक महत्वाकांक्षा रोडमैप प्रस्तुत किया, जिसमें क्षेत्र के व्यापारिक परिस्थिति की तंत्र को मजबूत करने के लिए राजनितियों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि, श्री सैयद मुमताज द्वारा दिए गए विचारोत्तेजक मुख्य भाषण से हुआ जिसमें उन्होंने सचेत व्यवसाय की अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला और नैतिक व्यापार प्रथाओं और सतत विकास के पथ को रोशन किया। उदया साबुन के उदार सहयोग के साथ-साथ बक्का लगेज इंडस्ट्रीज एलएलपी,ब्रासलाइन इंडिया उरबैनटेक और स्मार्ट इंडिया एंटरप्राइजेज सहित सह-प्रायोजकों के अमूल्य समर्थन ने इस आयोजन की सफलता को गति प्रदान की। इस कार्यक्रम में नए आरसीसीआई सदस्यों को सम्मानित किया गया, उनकी प्रतिबद्धता को सदस्यता प्रमाणपत्रों के माध्यम से मान्यता दी गई, जिससे उभरते हुए व्यापारिक समुदाय के भीतर एक जूता की भावना पैदा हुई। 25 स्टलों की एक चहल पहल प्रदर्शनी मैं विविध उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया, जिससे संभावित सहयोग और साझेदारी की नींव रखी गई। कार्यक्रम का समापन आसिफ मंसूरी द्वारा एक हार्दिक धन्यवाद के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों, प्रायोजकों और आयोजकों के सामूहिक प्रयासों को स्वीकार किया गया। आयोजन की संयोजक, मलिक अब्दुलसलाम के दूरदर्शी मार्गदर्शन की प्रशंसा की गई, जिन्होंने दिन भर एक सहज और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित किया। इस इवेंट का समापन आसिफ मंसूरी द्वारा एक गहरे धन्यवाद के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों, सपोर्टस, और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों को मान्यता दी गई। इस इवेंट के संचालक मलिक अब्दुस्सलाम, के प्रेरणा में मार्गदर्शन को सराहा गया, जिन्होंने पूरे दिन के दौरान संगठन को सुगम और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 9:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक उपस्थित लोग नेटवर्किंग चचाओं में शामिल हुए और प्रदर्शित नवाचारों ओर व्यापारो का अन्वेषण किया जिससे इवेंट की सफलता को और मजबूती मिली। आईसीसीआई ठाणे नवी मुंबई और मुंबई यूनिटर्स द्वारा की गई इंटरसिटी बिजनेस नेटवर्किंग मीट ने केवल कनेक्शंस को ही नहीं बल्कि सहयोग के एक नए युग को भी प्रेरित किया, जिससे इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को व्यापार इकोसिस्टम को मजबूती करने में दिखाया गया। इस इवेंट की शानदार सफलता का सबूत है कि साझेदारी आधारित पहलू का क्षेत्रीय व्यापार वृद्धि और समृद्धि में कितना महत्वपूर्ण हो सकता है।




# नुकसान से प्रभावित किसानों की मदद के लिए सिंदखेड राजा में लाक्षणिक अनशन

## वन बुलढाणा मिशन तहसील के सामने ठिय्या

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** बेमौसमी बारिश से प्रभावित हुए किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर वन बुलढाणा मिशन के संयोजक संदीप शेळ्के के मार्गदर्शन में सिंदखेड राजा तहसील कार्यालय के सामने लाक्षणिक अनशन का आयोजन किया गया था। सिंदखेड़ राजा तालुका में गीला सूखा घोषित किया जाए,सोलर पैनल क्षति के लिए 1 लाख की अतिरिक्त सहायता दी जाए, शेड नेट क्षति को 'एनडीआरएफ' में शामिल किया जाए, शेड नेट क्षतिग्रस्त किसान को 1 लाख रुपये दिए जाएं। क्षतिग्रस्त किसानों को मुआवजा दिया जाए बागवानी के लिए 50 हजार एकड़, सूखी जमीन के लिए 25 हजार एकड़ आदि मांगों को लेकर अनशन किया गया.तहसीलदार को मांग पत्र सौपा गया।अनशनकारियों की मांग है कि सरकार किसानों की मांगें मंजूर कर न्याय दे। प्रभारी तहसीलदार गणेश नागरे ने अनशन स्थल पर जाकर चर्चा की। इस अवसर पर तानाजी भोपळे, संदीप घोंगडे, प्रदीप शेळ्के, सचिन भुतेकर, बालाजी सोसे, सचिन दाभाडे, किशोर पाडमुख, मदन म्हस्के, सचिन गव्हाड, गुलाबराव भूतेकर, सुरेश भुतेकर, रामेश्वर ढगे, अनंता कुरंगळ, चंदू भुतेकर, गजानन भुतेकर, राजेंद्र भोपळे आदि उपस्थित थे।




## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महिला मजिस्ट्रेट की फर्जी प्रोफाइल बनाकर धोखाधड़ी

पुलिस अब अन्य पीड़ितों की जानकारी हासिल करने में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों की मुलाकात आर्थर रोड जेल में हुई थी दोनों दोस्त बन गए थे। बहार निकलते ही दोनों ने एक लोकप्रिय वैवाहिक साइट पर 21 वर्षीय 'मजिस्ट्रेट अश्विनी मनोहर पंडित' के रूप में एक फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। इसके बाद दोनों कथित तौर पर भुगतान न करने वाले पीड़ितों के खिलाफ वारंट जारी करने की धमकी देते थे। धमकी की विश्वसनीयता साबित करने के लिए फर्जी वारंट भी बनाया जाता था। पुलिस उपायुक्त डी स्वामी ने बताया कि एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने इसी तरह से धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस इंस्पेक्टर सुवर्णा शिंदे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। पूछताछ में मोदी ने बताया की उन्हें पता चला कि अश्विनी पंडित नामक एक महिला शहर में मजिस्ट्रेट है और इन्होने फिर इस नाम से एक प्रोफाइल बनाई थी। साइट पर जब लोगों ने दिलचस्पी लेना शुरू किया तो संकेत महिला कि आवाज निकाल कर उनसे बात करता था। कुछ दिनों के बाद, 'मजिस्ट्रेट' बनकर सकेंत उनसे पैसों की मांग करता था।

### मराठा आरक्षण कार्यकर्ताओं का लातूर में प्रदर्शन

सेंकडों युवक अचानक मौके पर नारेबाजी करते हुए पहुंचे और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष को काले झंडे दिखाकर उनका विरोध किया। कार्यकर्ताओं के एक समूह ने मराठा समुदाय के लिए आरक्षण के समर्थन में तथा 'एक मराठा, लाख मराठा' के नारे लगाए। पुलिस ने तुरंत झंडों को जब्त कर लिया और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया, बावनकुले जब तक शहर में थे तब तक 21 कार्यकताओं को हिरासत रखा गया और अलग-अलग थाने ले जाया गया। शहर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है।

### आईटी अफसर बताकर कारोबारी के घर छापा

सभी रियल एस्टेट व्यवसाय का हिस्सा हैं और मानखुर्द, धारावी, नवी मुंबई और ठाणे के रहने वाले हैं। सायन पुलिस स्टेशन कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनीषा शिर्के ने बताया कि घटना 26 नवंबर को हुई। जब चार लोगों का एक समूह सायन (ईस्ट) स्थित पीड़ित के घर छापा मारने के बहाने घुस गया। उन्होंने अपना पहचान पत्र दिखाया जिस पर आयकर विभाग लिखा था। परिवार को बताया कि उन्हें उनके (परिवार के) एक दोस्त से घर में रखे काले धन और नकदी के बारे में सूचना मिली है। परिवार से उनके पास मौजूद सभी कीमती सामान बाहर लाने को कहा। परिवार से यह भी कहा कि सभी कीमती सामान जब्त कर लिया जाएगा, लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। जल्द ही उन्हें एक आधिकारिक नोटिस जारी किया जाएगा। उसके बाद उन्होंने 18 लाख रुपये लेकर एक इनोवा कार में बैठकर वहां से चले गए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट से संपर्क किया और पूरी घटना बताई। पूछताछ करने के बाद सीए को एहसास हुआ कि यह सब फर्जी था। जिसके बाद व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में गाड़ी के नंबर से उसकी मानखुर्द स्थित मालकिन सरिता मांगले तक पहुंच गई। जिसके के नाम पर वाहन रजिस्टर्ड है। सरिता ने बताया कि वाहन का उपयोग मुख्य रूप से उसके पति राजराम (47) द्वारा किया जाता है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर उसने अपने सभी 'दोस्तों' के साथ अपराध कबूल कर लिया।

### शरद पवार का दावा

उनका यह बयान तब आया है जब बीजेपी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीत लिया है, जबकि कांग्रेस सिर्फ तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही है। पवार ने कहा कि 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक होगी। वहां सभी लोग आपस में चर्चा कर जमीनी हकीकत को जानने की कोशिश करेंगे। साथ ही आगामी चुनाव को लेकर अपनी रणनीति पर भी मंथन किया जाएगा।

# कानपुर में शादी का झांसा देकर प्रधान पुत्र ने बनाया बिन व्याही मां, जांच में जुटी पुलिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** यहां की लड़कियां किसी न किसी तरह से यौन शोषण का शिकार लगातार बनाई जा रही हैं। आरोप है कि अधिकांश मामलों में पुलिस दबंग आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई ही नहीं करती। ऐसा ही एक मामला सचेडी थाना क्षेत्र का प्रकाश में आया है। जहां प्रधान पुत्र पर गांव की ही एक युवती सुंदरी (नाम काल्पनिक) ने शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। आरोपी उसके साथ लगभग 2 साल से ऐसा ही कर रहा था। फलस्वरूप युवती गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भी भर्ती कराया। आरोप है कि बीच आरोपी के पिता ने उसे जहर देकर मारने का भी प्रयास किया। आरोप है कि जब पीड़िता ने प्रधान पुत्र पर शादी का दबाव डाला तो उसने न केवल इनकार किया बल्कि उसे परिवार समेत जान से मारने की धमकी दीं इसके बाद मां ने घटना की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है, जिस पर उन्होंने मामले की जांच एसीपी पनकी को सौंपी है।



# 2623 लोग डकार गए बैंकों के 1.96 लाख करोड़ रुपए, नहीं वसूल पा रहे बैंक पैसा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हम सभी को बैंक से लोन लेने के लिए तमाम पापड़ बेलने पड़ते हैं। इसके बाद यदि आपकी एक किस्त भी चूक जाए तो बैंक आपका जीना हराम कर देते हैं। आपका क्रेडिट स्कोर खराब करके आगे के लिए मुसीबतें खड़ी कर देते हैं। मगर, इस देश में ऐसे 2623 ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने विभिन्न बैंकों का 1.96 लाख करोड़ रुपए हजम कर लिया है और डकार भी नहीं ली। केंद्र सरकार ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2023 तक देश में 2623 विलफुल डिफॉल्टर हैं। ये वो लोग हैं, जिनके पास 5 करोड़ या उससे ज्यादा रुपए फंसे हैं। इनके पास बैंकों का 1,96,049 करोड़ रुपए फंसा हुआ है। ये जानबूझकर उस पैसे को वापस नहीं कर रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद बैंक इनसे पैसा निकलने में सफल नहीं हो पाए हैं।

## 2.09 लाख करोड़ रुपए की कर्जमाफी से बैंकिंग सिस्टम को लगा चूना

### बट्टे खाते का आधा बड़ी कंपनियां हजम कर गईं

वित्तराज्य मंत्री भागवत कराड ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में बैंकों ने जितने भी लोन बट्टे खाते में डाले, उनमें से आधे से ज्यादा बड़ी कंपनियों एवं सर्विसेज के थे। पिछले वित्त वर्ष में कुल 2.09 लाख करोड़ रुपए के लोन माफ (राइट ऑफ) किए गए। इनमें से 1.09 लाख करोड़ रुपए के कर्ज बड़ी कंपनियों के थे। यह आंकड़ा 52.3 फीसदी होता है।



### 4 साल में 10.57 लाख करोड़ रुपए के लोन माफ

कराड ने बताया कि बैंकों ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच चार साल में 10.57 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए। इनमें से बड़े कारोबारियों का हिस्सा 5.55 लाख करोड़ रुपए था। यह बट्टे खाते में डाले गए कुल कर्ज का 52.5 फीसद हिस्सा है।

### बैंकों ने 5,309.80 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला

पिछले फाइनेंशियल इयर में बैंकों ने 5,309.80 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला है। वित्त राज्यमंत्री कराड ने बताया कि इसमें लोन भुगतान में देरी का जुर्माना भी शामिल है। सेंट्रल रिपोजिटरी ऑफ इनफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स के अनुसार, इस साल 31 मार्च तक 2,623 लोग विलफुल डिफॉल्टर घोषित किए जा चुके हैं।

## एफएआई ने डाय-अमोनियम फॉस्फेट का दिया हवाला

# डीएपी की वैश्विक कीमतों में उछाल की वजह से ऊंची सब्सिडी की जरूरत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने पिछले कुछ महीनों में डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए कहा है कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दरें ऊंची बनी रहीं तो या तो सरकारी सब्सिडी या फिर अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) में बढ़ोतरी करने की जरूरत होगी। मौजूदा समय में उर्वरक कंपनियां 50 किलोग्राम की प्रति बोरी डीएपी की बिक्री 1,350 रुपये पर कर रही हैं। उर्वरक उद्योग के निकाय एफएआई के अध्यक्ष एन सुरेश कृष्णन ने कहा कि डीएपी की वैश्विक कीमतें इस साल जुलाई में 440 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 595 डॉलर प्रति टन हो गई हैं।

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में दरें ऊंची बनी हुई

50 किलोग्राम की बोरी की बिक्री 1350 रुपए में



### नैनो यूरिया की खपत बढ़ रही

एफएआई के अध्यक्ष ने कहा कि नैनो यूरिया की खपत भी बढ़ रही है और उम्मीद है कि पारंपरिक यूरिया के स्थान पर नैनो-यूरिया वर्ष 2030 तक कुल मांग का 20 प्रतिशत पूरा कर सकता है। अप्रैल से अक्टूबर, 2023 की अवधि के दौरान यूरिया, डीएपी और एनपी/एनपीके जटिल उर्वरकों का उत्पादन बढ़ा लेकिन एसएसपी के उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में गिरावट देखी गई।

### डीएपी की लाभप्रदता थोड़ी चुनौती बनी

अप्रैल, 2022 में डीएपी की कीमत 924 डॉलर प्रति टन थी। उन्होंने कहा, 'इस समय मौजूदा आयात मूल्य के साथ डीएपी के मामले में लाभप्रदता थोड़ी चुनौती होगी। अगर वैश्विक कीमतें मौजूदा स्तर पर बनी रहती हैं, तो हमें या तो अधिक एमआरपी या सरकार से अधिक समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।'

### अमोनिया की कीमतों में भी ऐसा ही रुझान

अमोनिया की कीमतों ने भी इसी तरह का रुझान दिखाया है जो अप्रैल, 2022 में 1,530 डॉलर प्रति टन थीं, जुलाई, 2023 में घटकर 285 डॉलर रह गईं और अक्टूबर, 2023 में फिर से बढ़कर 575 डॉलर प्रति टन हो गई हैं। यूरिया उत्पादन भी अपनी 80-85 प्रतिशत आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयातित आरएलएनजी (रीगैसीफाइड तरलीकृत प्राकृतिक गैस) पर काफी हद तक निर्भर है।

### क्षेत्र की लाभप्रदता को प्रभावित कर रही

एफएआई ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय मूल्य में अस्थिरता और रबी 2023-24 के लिए एनबीएस दरों में गिरावट पीएंडके (फॉस्फेटिक और पोटाश) क्षेत्र की लाभप्रदता को प्रभावित कर रही है।' एसोसिएशन ने यह भी मांग की कि प्रमुख फसल पोषक तत्व यूरिया को पीएंडके उर्वरकों की तर्ज पर पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत लाया जाना चाहिए।

### पोटाश पर कम सब्सिडी

एसोसिएशन का तर्क है कि इससे यूरिया और पीएंडके उर्वरकों के एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) में असमानताओं को ठीक करने में मदद मिलेगी। कृष्णन ने म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) पर कम सब्सिडी होने पर भी चिंता व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप मिट्टी का यह पोषक तत्व डीएपी से महंगा हो गया है और इस तरह इसकी खपत कम हो गई है। एमओपी की खपत में लगातार गिरावट आई है।

### उत्पादन तीन करोड़ टन होने की उम्मीद

भारतीय उर्वरक क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कृष्णन ने कहा कि इस वित्त वर्ष में यूरिया उत्पादन पिछले वर्ष के 2.85 करोड़ टन से बढ़कर तीन करोड़ टन होने की उम्मीद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले कुछ वर्षों में घरेलू उत्पादन में वृद्धि के साथ देश आत्मनिर्भर हो जाएगा।

# सोना 1,050 रुपए लुढ़का चांदी भी 1,700 रुपए फिसली

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोर रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 1,050 रुपये लुढ़क कर 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

- सोना लुढ़क कर 63,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी भी लुढ़कर कर 78,500 रुपए प्रति किलोग्राम

पिछले कारोबारी सत्र के अंत में सोने की कीमत 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में नरमी के रुख के बाद मंगलवार को दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतों में 1,050 रुपये की गिरावट आई और यह 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।'



### सोना रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

*वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,037 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी की कीमत भी घटकर 24.50 डॉलर प्रति औंस रह गयी। गांधी ने कहा कि डॉलर और अमेरिकी बांड प्रतिफल बढ़ने के संकेतों के बीच सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आया।*

एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने का फरवरी अनुबंध का भाव 46 रुपये चढ़कर 62,415 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, एक्सचेंज में चांदी का मार्च अनुबंध का भाव 389 रुपये गिरकर 75,779 रुपये प्रति किलोग्राम रहा।

# मधुबनी में फेनेस्टा ने किया अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** भारत के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेन्ट में मार्केट लीडर फेनेस्टा ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुजिव शोरूम एके एंटरप्राइजेज, महिला कॉलेज रोड़, वार्ड संख्या 18, बड़ा बाजार, मधुबनी, बिहार पर स्थित है। यह शोरूम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी दरवाजे और खिड़कियां, एलुमिनियम दरवाजे और खिड़कियां तथा सोलिड पैनल डोर उपलब्ध कराएगा। लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड श्री साकेत जैन ने कहा, अपने उपभोक्ताओं के लिए प्रतिबद्धता, उत्पादों की व्यापक रेंज के साथ हम लगातार विस्तार कर रहे हैं। हमारा हर नया शोरूम उपभोक्ताओं के हममें बढते भरोसे को दशार्ता है। ये स्पेस खासतौर पर इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि हमारे उपभोक्ता प्रोडक्ट्स को देख सकें, हमारे ब्राण्ड के बारे में जानकारी पा सकें और सोच-समझ कर प्रोडक्ट खरीदने का फैसला ले सकें। नए शोरूम की ओपनिंग के साथ हमने देश भर में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने और उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लक्ष्य की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को इंटरैक्टिव एवं सूचनाप्रद सेवाओं का अनुभव प्रदान करेगा। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारत में यूपीवीसी विंडो एवं डोर, यूपीवीसी विंडो एवंडोर तथा सोलिड पैनल डोर कैटेगरी में तेजी से विकसित होते हुए, ब्राण्ड अपने मार्केट शेयर को बढ़ाने तथा भविष्य में अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा हमारे साझेदारों एवं हितधारकों से मिले सहयोग एवं भरोसे की वजह से हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। अब तक की हमारी यात्रा शानदार रही है और आने वाले सालों में हम भी लगातार विकास के लिए तैयार हैं। हमारी उग्र विपणन रणनीति, उत्पादों की व्यापक रेंज तथा दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों पर फोकस के चलते हमने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हमारे दृष्टिकोण का हर पहलु उपभोक्ताओं को अनूठा और यादगार अनुभव प्रदान करता है। महिला कॉलेज रोड़, वार्ड संख्या 18, बड़ा बाजार, मधुबनी, बिहार में स्थित फेनेस्टा का यह नया शोरूम विभिन्न डिजाइनों और रंगों में दरवाजों एवं खिड़कियों की व्यापक रेंज प्रस्तुत करेगा। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब देश के 350 से अधिक शहरों में मौजूद है। एक बार सेवा करने का मौका देंगे।

# लगभग 25 ट्रेनें हुई रद्द, घने कोहरे के कारण रेल प्रशासन ने लिया फैसला


**मुंबई हलचल/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** ठंड का मौसम आने के साथ ही ट्रेनों का परिचालन बाधित होने लगा है। अगले तीन महीने के लिए बिहार से गुजरने वाली 25 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें समस्तीपुर मंडल की भी आधा दर्जन प्रमुख ट्रेन का नाम शामिल है। इससे सबसे अधिक परेशानी मिथिलांचल के लोगों की बढ़ गयी है। खासकर अमृतसर जाने वाली तीन ट्रेन जयनगर से निकलती है, लेकिन दो ट्रेनों को तीन महीने के लिए रद्द कर दिया गया है। इसमें जयनगर से खुलने वाली ट्रेन संख्या 14674 / 73 शहीद एक्सप्रेस एवं ट्रेन संख्या 04651 / 52 हमसफर क्लोन एक्सप्रेस शामिल है। जिसे रद्द कर दिया गया है।अब जयनगर से एक मात्र सरयु यमुना एक्सप्रेस की संचालित हो रही है। हालांकि आने वाले दिनों में उसे भी रद्द करने की संभावना है। घने कोहरे के कारण समस्तीपुर मंडल व समस्तीपुर होकर जाने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें रद्द हैं।

इसमें अमृतसर - बनमनखी अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस, अंबाला बरौनी अंबाला हरिहर एक्सप्रेस, आनंद बिहार सीतामढ़ी, आनंद बिहार लिच्छवी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन रद्द है। जबकि आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों को सप्ताह में एक से तीन दिनों के लिए रद्द किया गया है। मिथिलांचल के जयनगर से अमृतसर के लिए फिलहाल एक मात्र ट्रेन सरयु यमुना एक्सप्रेस ही संचालित हो रही है। जिसके कारण एक मात्र ट्रेन पर लोड हो जाने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है। यह ट्रेन भी सप्ताह में मात्र मंगलवार, शुक्रवार एवं रविार को संचालित हो रही है। नतीजतन जयनगर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर के



यात्रियों के लिए परेशानी बढ़ गयी है। घने कोहरे के कारण 22 ट्रेनों के परिचालन में कमी की गयी है। जिसके कारण इन ट्रेनों को सप्ताह में एक से दो दिनों तक रद्द किया गया है। इसमें समस्तीपुर मंडल एवं मंडल होने जाने वाली ट्रेनों में गाड़ी संख्या 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस, प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार तथा गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को रद्द रहेगा। गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़ - लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को तथा गाड़ी संख्या 15910 लालगढ - डिब्रूगढ़.अवध आसाम एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगा। गाड़ी संख्या 24406 आनंद बिहार - भागलपुर गरीबरथ एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 24405 भागलपुर - आनंद विहार गरीबरथ एक्सप्रेस प्रत्येक गुरूवार को रद्द रहेगा। गाड़ी संख्या 12523 न्यू जलपाईगुड़ी नई दिल्ली एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार व गाड़ी संख्या 12524 नई दिल्ली - न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को रद्द रहेगा। गाड़ी संख्या 15705 कटिहार दिल्ली चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस प्रत्येक गुरूवार तथा गाड़ी संख्या 15706 दिल्ली - कटिहार चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को रद्द रहेगा।



## उत्तराखंड हलचल

# सफलता का एक ही है विकल्प, की विकल्परहित हो संकल्प

### खिलाड़ी 38 वे राष्ट्रीय खेलो के लिए अभी से जुट जाएं जी जान से-मुख्यमंत्री धामी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** आज महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज,देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेल का ध्वज हस्तान्तरण एवं 37 वें राष्ट्रीय खेल गोवा- 2023 में उत्तराखण्ड राज्य के पदक विजेता खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया।वही कार्यक्रम में संविदा प्रशिक्षकों द्वारा मानदेय वृद्धि पर मुख्यमंत्री व खेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।खेल पर्सिक्षक शिवानी गुरंग द्वारा कहा कि हमारी बेहद पुरानी मांग थी की हमारा मानदेय बढ़ाया जाए जिसे की सरकार द्वारा पूरा किया गया है यह बेहद ही खुशी की बात है। इस दैरान आईओए के ध्वज को राष्ट्रीय खेल सचिवालय में स्थापित किया गया। साथ ही गोवा में आयोजित 37 वे राष्ट्रीय खेल में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। वही मुख्य अतिथि पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हमारे राज्य को 38 वे राष्ट्रीय खेल का आयोजन मिला है जो कि गर्व की बात है।हम 38 वे राष्ट्रीय खेलो का आयोजन दिव्य व भव्य करेंगे।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियो के लिए कई सुविधाओं को विकसित किया गया है।आज प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियो के प्रति गंभीर है जिसके लिए मुख्यमंत्री उदीयमान योजना,मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि योजना,भोजन भत्ता बढ़ाने से लेकर कई अन्य योजनाए शामिल हैं।उन्होंने कहा कि जीवन मे सफलता का एक ही विकल्प होना



चाहिए और संकल्प है विकल्परहित संकल्प, जब हम कोई संकल्प लेते है तो उसे पूरा करने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। वहीं खेल मंत्री ने कहा कि 38 वे रास्ट्रीय खेलो की मेजबानी मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।कहा कि जिसप्रकार गोवा राज्य ने 37 वे राष्ट्रीय खेलो को आयोजित किया हम भी 38 वे राष्ट्रीय खेलो का आयोजन भव्य रुप से करेंगे।कहा कि आज खेल व खिलाड़ियो के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री धामी जी के कुशल नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य किये हैं। खेल मंत्री ने बताया कि आउट ऑफ टर्न जॉब का जिओ जारी होने पर निश्चित ही राज्य के ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक ला रहे हैं उन्हें आउट ऑफ टर्न जॉब के माध्यम से नौकरी मिलेगी।कहा कि राज्य सरकार लगातार खेल को बढ़ावा देने व खिलाड़ियो को प्रोत्साहन के लिए काम कर रही है।हमारी कोशिश है कि हम खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करे।खेल और खिलाड़ियो के हितों के लिए कई निर्णय लिए जा रहे है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल नीति, 2021 के अन्तर्गत, अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखण्ड में राजपत्रित/ अराजपत्रित पदों पर आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया था जिसका की सरकार द्वारा सहर्ष स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी है। साथ ही कहा कि आज 8 से 14 वर्ष के बच्चो की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए मुख्यमंत्री उदीयमान योजना संचालित है जिसके तहत हर जनपद से 150 बालक व 150 बालिकाओं को प्रतिमाह 1500 रुपिये की छात्रवर्ती दी जा रही है, साथ ही 14 से 23 वर्ष के बालक/बालिकाओं के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि के तहत हर जनपद से 100 बालक/बालिकाओं को हर माह 2 हजार की राशि भी प्रदान की जा रही है। खेल विभाग की उपलब्धियां बताते हुए उन्होंने कहा कि हमने संविदा पर कार्य कर रहे प्रशिक्षको के मानदेय को बढ़ाते हुए 25 हजार किया है।साथ ही भोजन की थाली को साई (एसएआई) के अनुरूप 400 करने का काम भी किया है।इसके अलावा स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड,महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए लोहाघाट में घोषणा की गई है जिसके लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में खेल विश्वविद्यालय के लिए भी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में घोषणा की जा चुकी है,निश्चित ही खेल विश्वविद्यालय के बन जाने से राज्य के खिलाड़ियो को लाभ मिलेगा। कहा कि 38 वे राष्ट्रीय खेलो के आयोजन तक हम खिलाड़ियो को सरकारी नौकरी में अवसर देने के लिए 4 पर्तिशत का आरक्षण लागू कर देंगे।कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी खेल और खिलाड़ियो को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं ।कहा कि जिसप्रकार से हम प्रदेश को देवभूमि के नाम से जानते है हमारा प्रयास है कि हम इसे खेल भूमि के नाम से जाने जिसके लिए सरकार व विभाग लगातार प्रयासरत है। वहीं पहली बार किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय खेल की रैली का फ्लैगऑफ आधुनिकतम तकनीकी ड्रोन के माध्यम से किया गया। ड्रोन पर राष्ट्रीय खेल का प्रतीकात्मक झंडा लगाकर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में ड्रोन के साथ रैली निकाली गई। ड्रोन परिचालन का कार्य उत्तराखण्ड पुलिस की ड्रोन टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर रायपुर विधायक श्री उमेश शर्मा काउ जी,खेल सचिव श्री अमित सिन्हा जी,खेल निदेशक श्री जितेंद्र सोनकर जी,उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव श्री डीके सिंह जी सहित अधिकारीगण व समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के चलते सुचारू हुई पुलिस व्यवस्था

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** देहरादून में आठ और नौ दिसंबर को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। पुलिस का आयोजन स्थल त्रक्क के आसपास सुरक्षा के साथ ही शहर में ट्रैफिक और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर पूरा फोकस है। आपको बता दे की इन्वेस्टर्स समिट में पीएम नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो सकते हैं। देहरादून के एफआरआई परिसर में यह आयोजन होना है। यहां व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए एसपीजी भी दून पहुंच गई है। एसपीजी मंच के आसपास के इलाके में समीक्षा के बाद सुरक्षा इंतजाम कराएगी।



आयोजन के दिन यह स्थान एसपीजी घेरे में रहेगा। इसके अलावा एफआरआई और आसपास की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य पुलिस के हाथ में होगी। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने कहा कि छह दिसंबर को फुल फ्लीट रिहर्सल होगी। इससे पहले ड्यूटी में आने वाले कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। एफआरआई के साथ शहर के तमाम इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात रहेगा। एयरपोर्ट से एफआरआई और सीएम आवास तक के रूट पर। इन्वेस्टर्स समिट में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में बाहरी अफसर दून पहुंच रहे हैं। इनके लिए पुलिस इंतजाम जुटाने में जुटी है। ऐसे लोगों के ठहरने के इंतजाम अलग से किए जा रहे हैं।

## देहरादून में लिंक रोड होगी फोरलेन, केंद्र ने मंजूर किए 715 करोड़

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने देहरादून की 12.17 किमी लंबाई की बहुप्रतीक्षित झाझरा-आशारोड़ी लिंक रोड के विकास के लिए 715.97 करोड़ धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह लिंक रोड देहरादून शहर के लिए एक बाईपास के रूप में कार्य करेगी, जिससे देहरादून शहर में भीड़भाड़ और प्रदूषण में भी कमी आएगी। इस सड़क से देहरादून में आवागमन आसान होगा। योजना के मुताबिक सड़क फोरलेन होगी। यह पूरी सड़क नई बनेगी और इसकी जद में छह गांवों में स्थित 44.76 हेक्टेयर निजी व सरकारी भूमि आ रही है। इस सड़क के बनने से जो लोग दिल्ली की तरफ से सेलाकुई इंडस्ट्रियल एरिया, पांवटा साहिब या दून की तरफ बल्लूपुर के पास तक आएंगे, उन्हें अनावश्यक रूप से शहर में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। पांवटा साहिब से देहरादून होकर दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन भी दून में प्रवेश नहीं करेंगे। इससे शहर में अतिरिक्त वाहन दबाव नहीं पड़ेगा। यह सड़क आशारोड़ी में आरटीओ चेकपोस्ट के पास से शुरू होगी और वन समेत ग्रामीण आबादी क्षेत्र से होकर झाझरा में देहरादून-पांवटा साहिब राजमार्ग पर मिलेगी। राजमार्ग में जरूरत के मुताबिक पुल व फ्लाईओवर के निर्माण भी किए जाएंगे।



## अल्मोड़ा नगर के एक लाख लोगों की पानी की समस्या होगी अब दूर

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले एक लाख लोगों की पीने के पानी की समस्या का जल्द समाधान होगा। जापान इंटरनेशनल कारपोरेशन एजेंसी जायका की मदद से 73 वर्ष पुरानी पेयजल लाइनों को बदलकर लोगों को भरपूर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। 108.75 करोड़ धनराशि की सैद्धांतिक स्वीकृत मिल गई है। जल निगम जल्द ही कार्य शुरू करेगा। अल्मोड़ा नगर में लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से जल निगम की ओर से जल जीवन मिशन शहरी के तहत प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। जिसके लिए धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इसके तहत वर्ष 1950 में बनी मटेला से कंकडकोठी व वर्ष 1993 में मटेला से एडम्स को पानी आपूर्ति के लिए बनी पेयजल योजना का पुनर्निर्माण किया जाएगा। जिसके बाद हर व्यक्ति को मानकों के अनुसार पेयजल उपलब्ध होगा। अल्मोड़ा नगर में वर्तमान में नगरीय पेयजल पंपिंग योजना कोसी मटेला से आठ और मटेला-विक्टर मोहन जोशी जलाशय से पांच एमलडी पानी मुहैया कर लोगों को पेयजल आपूर्ति की जाती है। योजना के तहत पानी एकत्र करने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों में 1450 केएल के तीन टैंकों का निर्माण होगा। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि चर्च के समीप 700 केएल, हीरा डुंगरी के पास 350 केएल और पोस्ट आफिस कालोनी के पास 400 केएल का टैंक बनाया जाएगा। इससे पानी को स्टोर करने में सहूलियत मिलेगी। इस प्रयास से आम लोगों को लाभ होगा। डिजिटल मीटर लगेंगे योजना के तहत डिजिटल मीटर लगाए जाएंगे। जिसके बाद मीटर रीडिंग के हिसाब से पानी का बिल लिया जाएगा। दो पेयजल लाइनों को बदलने का काम किया जाएगा। तीन टैंक भी बनाए जाएंगे। योजना निर्माण काम पूरा होने के बाद लोगों को भरपूर पानी मुहैया कराया जाएगा।



# इस ब्लड ग्रुप वालों को है दिल की बीमारी का सबसे ज्यादा खतरा



बदलते लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की वजह से आज लगभग सभी लोग किसी ने किसी बीमारी से घिरे हुए हैं जिनमें हार्ट संबंधी बीमारियां सबसे ज्यादा हो रही हैं। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में बराबर देखने में आ रहा है। इस समय हार्ट प्रॉब्लम्स में कोरोनरी आर्टरी डिजीज, दिल की मांसपेशियों का असामान्य तौर पर बढ़ना, हार्ट फेल होना और अनियमित हार्ट बीट जैसी समस्याएं कॉमन हैं। लेकिन हमारी लापरवाही के अलावा हार्ट अटैक के कई और कारण भी हो सकते हैं और इनमें से एक हमारा ब्लड ग्रुप भी शामिल है।

## हार्ट अटैक का कारण ब्लड ग्रुप भी

जी हां, एक इंटरनैशनल रिसर्च में यह बात सामने आयी है कि हार्ट अटैक का एक कारण हमारा ब्लड ग्रुप भी होता है। ब्लड ग्रुप से हार्ट अटैक के खतरे का पता चल सकता है। साथ ही इस संभावना का भी पता चलता है कि किस ब्लड ग्रुप के लोगों को हार्ट अटैक का ज्यादा खतरा है।

## इन 3 ग्रुप वालों को ज्यादा खतरा

ब्लड ग्रुप ए, बी और एबी... ये तीन ब्लड ग्रुप ऐसे हैं जिनमें दिल की बीमारी यानी हार्ट डिजीज होने का खतरा सबसे अधिक होता है।

इंटरनैशल शोध में जब सभी ब्लड ग्रुप को ध्यान में रखते हुए और साथ ही कुछ गिनती के हार्ट अटैक के मरीजों को मिलाया गया तब यह पाया गया कि सबसे अधिक हार्ट अटैक के मामले उन्हीं लोगों में पाए गए जिनका ब्लड ग्रुप ए, बी या फिर एबी था।


## ड ब्लड ग्रुप वाले सबसे सेफ

ओ ब्लड ग्रुप को सबसे अच्छा माना जाता है। इस ब्लड ग्रुप के लोगों को हार्ट से जुड़ी बीमारी होने का खतरा सबसे कम रहता है।

## ए,बी,एबी को अटैक का खतरा 9% अधिक

ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों की तुलना में ए, बी और एबी ब्लड ग्रुप वाले लोगों में दिल का दौरा पड़ने की आशंका 9 फीसदी ज्यादा रहती है। ए ब्लड ग्रुप वाले लोगों को ज्यादा कलेस्ट्रॉल के लिए जाना जाता है, जो कि दिल के दौरे का प्रमुख जोखिम कारक है।

# अपनाएं ये उपाय ताकि स्वस्थ रहें आपकी आंखें



आंखों की देखभाल करना बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ जीवन के लिए आंखों का ठीक रहना भी जरूरी है। कंप्यूटर-मोबाइल के इस दौर में आंखों की देखभाल करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। हम आपको ऐसे ही कुछ काम के टिप्स बता रहे हैं जिनसे आप कर सकेंगे आंखों की सही देखभाल।

आंखों को सुरक्षित रखने के लिए कंप्यूटर, आईपैड, स्मार्टफोन से दूरी के साथ ही लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है। इसके लिए अपना खानपान सही रखें। देर रात तक टीवी देखना और बहुत देर तक लगातार कंप्यूटर पर काम करना ठीक नहीं है। अपने खाने में गाजर, हरी पत्तियों की सब्जी जैसे पोषक तत्व शामिल करें।

## अच्छे लेंस और चश्मे का प्रयोग करे

अगर आप चश्मा या लेंस लगाते हैं तो बेहतर क्वॉलिटी वाले चश्मे का प्रयोग करें। बेहतर क्वॉलिटी वाले लेंस का प्रयोग करें या एन्टी ग्लेयर चश्मा ही पहनें। सस्ते के चक्कर में पड़कर खराब क्वॉलिटी के लेंस का इस्तेमाल न करें। जब कभी भी स्क्रीन के सामने घंटे भर से अधिक बैठे हों तो ड्राई आईज से बचने के लिए पलकें धीरे-धीरे झपकाएं।

## मेकअप प्रॉडक्ट का चयन सोच-समझकर करें

हमेशा विश्वसनीय दुकान से ही मेकअप प्रॉडक्ट खरीदें। आंखों में प्रयोग होने वाले मेकअप प्रॉडक्ट अगर खराब क्वॉलिटी के हों तो नुकसान पहुंचाते हैं। धूप में निकलें तो धूल और धूप की अल्ट्रा वॉयलट किरणों से बचने के लिए सनग्लासेज का ही प्रयोग करें।



# क्या आपको पता है बैठकर खाना खाने के कितने फायदे हैं? अगर नहीं, तो यहां जानें

आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में लोगों के पास बैठकर सुकून से खाना खाने का भी समय नहीं है। कई लोग खड़े होकर तो कई चलते-फिरते खाना खाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इस तरह खाने की वजह से आपकी रीढ़ की हड्डी के साथ ही मेंटल हेल्थ को भी नुकसान पहुंच रहा है।

**डाइजेशन में होती है परेशानी** - जब हम खड़े होकर खाना खाते हैं जो फूड डाइजेस्ट होने में ज्यादा समय लेता है। साथ ही में जल्दबाजी में व्यक्ति ज्यादा खाना खा लेता है। ज्यादा खाना और उसका धीमा पाचन पेट से संबंधित परेशानी खड़ी कर सकता है।

**बैठकर खाना खाने के फायदे** - नीचे बैठकर खाना खाने के दौरान हम जिस तरह बैठते हैं वह योग के एक क्रिया से काफी मिलती जुलती है। पैरों को मोड़कर बैठना, खाने की बाइट थाली से लेने के लिए आगे झुकना फिर सीधे होकर खाना, यह सब पेट में मौजूद मसल्स को डाइजेस्टिव जूस निकालने में मदद करता है जिससे खाना आसानी से पच जाता है।

**पीठ से जुड़ी परेशानी होती है कम** - रोज नीचे बैठकर खाना खाने से शरीर और फ्लेक्सिबल होता है। नीचे बैठने के दौरान हम जिस तरह से खाना खाते हैं वह पीठ के लिए भी अच्छा होता है जो बैक से संबंधित परेशानियों को कम करता है।

**वजन को मेंटेन रखने में मिलती है मदद** - बैठकर खान खाने से पेट जल्दी भरता है। वहीं खड़े होकर खाना खाने के दौरान व्यक्ति भूख से ज्यादा खाना खा लेता है। ऐसे में वजन को मेंटेन रखने के लिहाज से भी बैठकर खाना बेहतर ऑप्शन है।

**खड़े होकर खाने के दौरान हम बहुत ज्यादा** - झुकते हैं साथ ही में खुद को रिलैक्स करने के लिए शरीर के किसी एक हिस्से पर जोर देते हैं। रोज ऐसा करने से इसका असर रीढ़ की हड्डी पर होने लगता है। वहीं बैठकर खाना खाने से बॉडी पॉस्चर में सुधार होता है।

**ब्लड फ्लो में सुधार, दिल होता है मजबूत** - नीचे बैठकर खाना खाने से शरीर में खून के बहाव और सकुर्लेशन भी अच्छा होता है। क्रॉस-लेग्स बैठने पर नसों का खिंचाव दूर होता है और वह ज्यादा रिलैक्स होती हैं। इससे दिल के आसपास का प्रेशर भी कम होता है, जो उसे मजबूत बनाता है।



# अचानक उठे तेज सिरदर्द न करें नजरअंदाज, तुरंत करें ये उपाय वर्ना होगी मुसीबत

भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में सेहत का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो चला है ऐसे में सिरदर्द की समस्या आम बात लगती है। पर आपको बता दें की कई बार जिन चीजों को हम नार्मल या हल्का फुल्का समझ कर इग्नोर करते है वही बातें आगे चलकर हमारे लिए बड़ी मुसीबत बन जाती है।

अक्सर ऐसा होता है कि जब लोग सुबह उठते हैं तो, उनके सिर में हल्का दर्द और एक अजीब सा भारीपन होता है। ऐसे में लोग दवा लेकर कुछ देर के लिए सर दर्द से आराम तो पा लेते हैं, लेकिन यह दर्द और भारीपन हमेशा के लिए दूर नहीं हो पाता है।

अगर आप हमेशा के लिए इसे खत्म करना चाहते हैं तो, आइये आज हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बता रहे हैं। जिसके बाद सिरदर्द और भारीपन से राहत पा सकते हैं। अगर आपको अक्स्र सिर में भारीपन की शिकायत रहती है तो आप रात में बादाम भिगोएं और सुबह इनका सेवन करें। इससे आपको काफी लाभ होगा।

यदि आप अंगुठे और तर्जनी के बीच की जगह पर हल्के से मसाज करें और इस प्रक्रिया को दोनों हथेलियों पर दोहरायें तो, इससे आपको एक मिनट के भीतर सरदर्द से राहत पा सकेंगे। अगर आपके सर में लगातार भारीपन या दर्द हो रहा है तो, इसके लिए एक ग्लास गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं या बिना दूध की चाय में नींबू की कुछ बूंदें मिलाकर उसे पिएं। इससे सिर दर्द में तुरंत आराम आ जाता है।

यदि आप एक चम्मच सूखे अदरक का पाउडर लेकर इसे पानी में मिलाएं और एक पैन में रखकर थोड़ा गर्म कर लें। इसके बाद आंच से हटाकर ठंडा होने के बाद इसे माथे पर लगाएं। थोड़ी देर के बाद आपका सिर दर्द बंद हो जायेगा।

लौंग का पाउडर बनाकर उसमें नमक मिलाएं और दूध के साथ उसका सेवन करें। आपका सिरदर्द चुटकी में छूमंतर हो जाएगा।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# तलाक की अफवाहों के बीच सामने आई सच्चाई







**बॉलीवुड** के शहंशाह अमिताभ बच्चन के बहू और बेटे की लड़ाई अब सोशल मीडिया पर बहस का विषय बन गई है। हर रोज नई खबरें आ रही हैं कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय दोनों अलग रह रहे हैं अलग हो रहे हैं। इन्हीं खबरों के बीच अमिताभ बच्चन को लेकर एक अफवाह तेजी से फैल रही हैं। अब वो अफवाह हैं क्या है उसमें कोई सच्चाई है या नहीं, आईये जानते हैं। सामने आई रिपोर्ट्स के अनुसार रेडिट पर लोग इंस्टाग्राम के स्क्रीनशॉट्स शेयर कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अमिताभ बच्चन ने अपनी बहू को अनफॉलो कर दिया है और ऐश्वर्या राय ने भी अपने ससुर अमिताभ बच्चन को अनफॉलो कर दिया है। ये सब अभिषेक से चल रही अनबन के बाद बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के बीच काफी तू-तू-मैं-मैं देखने को मिल रही है। अलग-अलग दावों के बीच कई लोगों ने कहा कि ससुर और बहू कभी एक दूसरे को फॉलो ही नहीं करते थे। ऐसे में अनफॉलो करने की बात ही नहीं आती। अब इस मामले के बीच आपको पूरा सच बताते हैं। ये सच है अमिताभ बच्चन कभी भी अपनी बहू ऐश्वर्या राय को फॉलो नहीं करते थे। वहीं ऐश्वर्या राय भी इंस्टाग्राम पर ससुर को फॉलो नहीं करती थीं। ऐश्वर्या राय सोशल मीडिया पर सिर्फ एक ही शख्स को फॉलो करती हैं और वो हैं उनके पति अभिषेक बच्चन। इन अफवाहों के बीच भी दोनों एक-दूसरे को पहले की तरह ही फॉलो कर रहे हैं। वहीं ऐश्वर्या अभी भी बच्चन सरनेम का प्रयोग कर रही हैं। ऐसे में अलग होने की अफवाहें कितनी सच हैं, ये कपल से बेहतर और कोई नहीं बता सकता।